3.

अवनीश कुमार शर्मा
विशेष सचिव।

अर्धशा0प0स0: 1500 / 36–2–2019–पी0ओ0 / 2019
उत्तर प्रदेश शासन
श्रम अनुभाग–2
लखनऊ दिनांक 11 सितम्बर, 2019

आदरणीय महोदय,

कृपया प्रदेश में स्थापित औद्योगिक न्यायाधिकरणों एवं श्रम न्यायालयों में पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति / चयन हेतु समिति की बैठक दिनांक 19–7–2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– औद्योगिक न्यायाधिकरण में न्यायिक (सामान्य) पद हेतु चयन के संबंध में –**चूँकि उ0प्र0 औद्योगिक विवाद अधिनियम,1947 की धारा 4(B) 3(A) के अनुसार औद्योगिक न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी के पद हेतु मा0 उच्च न्यायालय के सेवारत तथा सेवानिवृत्त न्यायाधीश भी अर्ह हैं, परन्तु मा0 उच्च न्यायालय के सेवारत/सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से सहमति पत्र आमंत्रित नहीं किये गये हैं। अतः औद्योगिक न्यायाधिकरण के न्यायिक पद हेतु समिति द्वारा चयन स्थगित किये जाने पर सहमति बनी तथा वाँछित प्रकिया पूर्ण कर पुनः चयन हेतु समिति की बैठक आहूत किये जाने के निर्देश दिए गए।**

3– इस संबंध में मुझसे यह अनुरोध करने की अपेक्षा की गई है कि दिनांक 19–7–2019 को समिति की हुई बैठक में दिए गए उपर्युक्त निर्देशों के कम में औद्योगिक न्यायाधिकरण में पीठासीन अधिकारी **न्यायिक सेवा (सामान्य) के 01** पद हेतु मा0 उच्च न्यायालय के सेवारत / सेवानिवृत्त न्यायाधीशो / उच्चतर न्यायिक सेवा / राज्य न्यायिक सेवा से इच्छुक अभ्यर्थियों की सहमति प्राप्त करते हुए 10 वर्षो की चरित्रपंजी सहित विवरण उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अवनीश कुमार शर्मा)

श्री अतुल श्रीवास्तव,
एच0जे0एस0 रजिस्ट्रार (जुडिसियल)
(सर्विस) मा0 उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद ।